

# गैस सिलेंडर आपूर्ति में कमी नहीं आनी चाहिए

## गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक, कलेक्टर ने कहा- उपभोक्ताओं को किसी प्रकार परेशानी का सामना न करना पड़े

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मार्च. घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक लेकर स्थिति की समीक्षा की.**

बैठक में कलेक्टर ने जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े. उन्होंने कहा कि गैस एजेंसियां एक विशेष सिस्टम बनाकर सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति बनाए रखें, ताकि मांग के अनुसार समय पर वितरण किया जा सके. साथ ही उन्होंने एजेंसी संचालकों से कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है और इस पर प्रशासन द्वारा सख्त निगरानी रखी जा रही है. उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि सिलेंडर वितरण में पारदर्शिता बनाए रखें और नियमों का पालन सुनिश्चित करें. इस अवसर पर प्रभारी जिपं सीईओ श्आरती यादव, एसडीएम अमन मिश्रा सहित गैस एजेंसियों के संचालक उपस्थित रहे.



कलेक्टर ने समस्त गैस संचालकों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन गोदाम खोलने एवं बंद करते समय वीडियो रिकॉर्डिंग करें. उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि सभी गैस एजेंसी एवं गोदाम पर एक-एक राजस्व अधिकारी तैनात किया जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गैस एजेंसी संचालक फोन को समय पर रिसीव करें जिससे कि किसी भी प्रकार की उपभोक्ता को जानकारी मिल सके एवं वह परेशान ना रहे. उन्होंने निर्देश दिए की गैस उपभोक्ताओं को जागरूकता के लिए पंपलेट करें जिसमें कम से कम गैस की उपयोगिता की जानकारी दी जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि खाद्य विभाग प्रतिदिन स्टॉक की निगरानी रखें एवं स्टॉक की जानकारी प्रस्तुत करें. बंडा क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर सख्त कार्रवाई की गई. एसडीएम रविश श्रीवास्तव के नेतृत्व में तहसीलदार मोहित जैन की टीम ने होटल और विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया. जांच के दौरान कई दुकानों और होटलों में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में किया जाता पाया गया. कार्रवाई के दौरान 08 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए. वहीं राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा चितौरा हाईवे पर एलपीजी सिलेंडर के अवैध भंडारण एवं दुरुपयोग पर कार्यवाही की गई इस कार्यवाही में 20 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जप्त किए गए. कार्रवाई में तहसीलदार राहुल गौड कनिष्ठ जिला आपूर्ति नियंत्रक निशांत पांडे सहित पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे.

# कलेक्ट्रेट पर युवक ने की आत्मदाह की कोशिश

## मारपीट मामले में सुनवाई नहीं होने का लगाया आरोप, पुलिस युवक को पकड़कर ले गई थाने

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मार्च. कलेक्टर कार्यालय के मुख्य गेट पर एक युवक ने आत्मदाह करने की कोशिश कर हड़कंप मचा दिया. युवक पेट्रोल से भरी बोतल लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचा था.**

मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह दौड़कर आगे बढ़ने लगा. पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और उसके हाथ से पेट्रोल की बोतल छीन ली, बाद में युवक को मोतीनगर थाने ले जाया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार बाघराज कॉलोनी निवासी जतिन पटवा अपनी पत्नी रचना पटवा और अन्य लोगों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे. इसी दौरान जतिन पेट्रोल से भरी बोतल लेकर गेट की ओर बढ़े, पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगे, पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उन्हें पकड़ लिया और उनके परिजनों ने रोककर आत्मदाह की कोशिश को नाकाम कर दिया.

युवक का आरोप है कि मोतीनगर पुलिस उनकी शिकायत पर सुनवाई नहीं कर रही है और उल्टा उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कर दी गई है, इसी के विरोध में उन्होंने आत्मदाह करने का कदम उठाने की कोशिश की.



जतिन की पत्नी रचना पटवा ने बताया कि जतिन किराना दुकान से घर लौट रहे थे. तभी कॉलोनी के अक्षय सोनी और उसके परिजनों ने रोककर गाली-गलौज की और मारपीट कर दी. शोर सुनकर जब वह बीच-बचाव करने पहुंची तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार एवं मारपीट हुई. परिवार ने मोतीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उनका आरोप है पुलिस ने कार्रवाई नहीं की और उनके खिलाफ ही झूठी एफआईआर दर्ज कर दी गई.

# नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**रहली 12 मार्च. नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने जलप्रदाय विभाग द्वारा एनीकट फिल्टर प्लांट की व्यवस्थित सफाई एवं अन्य उपकरणों की मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया गया.**

उल्लेखनीय है कि इंदौर में दूषित पानी घटना के बाद लगभग दो माह पूर्व भी फिल्टर प्लांट की सफाई कराई गई थी. नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने निरीक्षण के दौरान बताया कि रहली नगर के स्वास्थ्य एवं स्वच्छ पेयजल व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा.

# प्रमुख मार्गों पर गड्ढों को लेकर कांग्रेस का धरना

नवभारत न्यूज

**बीना 12 मार्च. क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर गड्ढों को लेकर कांग्रेस जिला महामंत्री विक्रांत गोलंदाज के नेतृत्व में भागीरथ बिलगैया मेमोरियल स्कूल के समक्ष धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन सीएमओ के नाम प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक बृजेश राय, जाहर सिंह, संजीव मडोतिया को ज्ञापन सौंपा.**

जिला महामंत्री श्री गोलंदाज ने कहा कि सड़क गायब होती नजर आ रही है जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं अगर सात दिवस की भीतर गड्ढे भर नहीं गए तो आंदोलन होगा.




शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने कहा कि सड़कों पर गड्ढों के कारण आए दिन एक्सीडेंट और मौतें हो रही हैं लेकिन प्रशासन को इस बात की कोई फिक्र नहीं है. महेंद्र नवैया ने कहा कि इस का शीघ्र निराकरण किया जाना चाहिए. इस दौरान अशोक परिहार, मोतीलाल अहिरवार, मनोज कैथोरिया, निर्भय सिंह ठाकुर, प्रमोद राय, विनोद पोरिया, प्रभु दयाल सोनी,ओमप्रकाश पासु, सुरेश तिवार, देवेंद्र कुशवाहा, ओपी लरोठ, रमन कौशिक, शालिग्राम यादव, पीयूष तिवारी, लक्ष्मण चंदेल मौजूद थे.

# भाजपा कोर कमेटी की बैठक




नवभारत न्यूज

**सागर 12 मार्च. भाजपा जिला कोर कमेटी की बैठक प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई.**

कोर कमेटी बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी विषय प्रस्तावना प्रस्तुत की. जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं संभागीय प्रभारी गौरव रणदिवे, प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी लोकेद्र पाराशर, खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक शैलेंद्र जैन, प्रदीप लारिया, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, गौरव सिरोठिया शामिल हुए.

## विनायांजलि सभा आज

**सागर.** मुनिश्री क्षमा सागर महाराज के 11वां समाधि दिवस पर मैत्री समूह, जैन भ्रातृ संघ एवं सकल दिगंबर जैन समाज सागर के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम 13 मार्च शुक्रवार को प्रार्थना सभा एवं स्मरण प्रातः 7 बजे से किया जा रहा है. जैन भ्रात संघ के मंत्री अशोक शाह के अनुसार सुबह समाधि स्थल भाग्योदय तीर्थ के पास,दोपहर दो बजे से विधान का वाचन एवं शाम 7:00 बजे से आध्यात्मिक विनयांजलि श्री गौरा बाई दिगंबर जैन मंदिर कटरा नमक मंडी मे होगा.

## जांच शिविर कार्यक्रम

**सागर.** विश्व ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में बीएमसी के नेत्र रोग विभाग द्वारा निःशुल्क जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है. मध्यप्रदेश और सागर डिविजनल ऑप्थैल्मिक सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को साइलेंट किलर कहे जाने वाले ग्लूकोमा के प्रति सचेत करना है. यह जांच शिविर 13, 14 एवं 16 मार्च को आयोजित होगा. प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच बीएमसी अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क स्क्रीनिंग करा सकते हैं.

# तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया



नवभारत न्यूज

**सागर 12 मार्च. रामसरोज समूह संस्थापक स्व. रामशंकर केसरवानी एवं स्व. सरोजनी देवी केसरवानी की पुण्य स्मृति में बबीता संजीव केसरवानी, गीता शैलेश केसरवानी एवं श्वेता अखिलेश केसरवानी द्वारा वृद्धजनो को टिकट एवं सहयोग राशि देकर मथुरा वृंदावन के लिए रवाना किया.**


इस अवसर गृहस्थ संत पंडित केशव गोस्वामी महाराज ने कहा कि आज का जो समय चल रहा है वह कलयुग है और इस कलयुग में भी माता-पिता की पुण्य स्मृति में समाज सेवा के कार्य करना बड़े भाग्य का विषय है. इस अवसर पर आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक सुनील देव, भगवानदास रायकवार, स्पेशल ब्रांच एसपी दिनेश कौशल, कर्नल सुनील सचान, विनोद तिवारी आदि मौजूद थे.

# गुजराती नमकीन की फैक्ट्री में अनियमितताएं

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मार्च. संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं दुकानों के किराये की बकाया राशि की वसूली तथा आवासीय भवनों के व्यवसायिक उपयोग सहित नगर निगम अधिनियम के तहत अन्य गतिविधियों की जांच के लिए गठित उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई.**

टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ की गई.



उड़नदस्ता दल के प्रभारी सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु ने बताया कि उड़नदस्ता दल द्वारा गुरु गोविंद सिंह वार्ड स्थित गुजराती नमकीन की फैक्ट्री पर बड़ी मात्रा में अनियमितताएं मिलीं. जांच के दौरान व्यापारिक अनुज्ञप्ति तथा कारखाने की अनुमति भी नहीं पाई गई. फैक्ट्री में खाद्य सामग्री को तैयार करने में उपयोग किए जा रहे ट्यूबवेल के पानी की जांच रिपोर्ट भी राजेंद्र भाई, किरीट भाई द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई तथा फैक्ट्री के सम्पत्तिकर का निर्धारण भी कम पाया गया. उड़न दस्ता के प्रभारी श्री गुरु ने बताया कि गुजराती नमकीन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी. भगवानगंज स्थित टीवीएस शोरूम पर संपत्तिकर का निर्धारण कम पाया गया.

# सीएम को सौंपा 9 सूत्रीय मांग पत्र

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मार्च. सागर प्रवास पर आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष विधायक प्रदीप लारिया ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का विज़न प्रस्तुत किया. विधायक लारिया ने मुख्यमंत्री से नरयावली विधानसभा की लंबित विकास परियोजनाओं और सिंचाई संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु आग्रह किया.**

विधायक श्री लारिया ने कड़ान मध्यम सिंचाई परियोजना की ओर आकर्षित करते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण योजना पर अब तक 385.79 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीकी जटिलताओं और ग्राम पथरिया हाट को डूब क्षेत्र से बचाने के लिए गाइड बंड का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए 254.36 करोड़ की अतिरिक्त प्रशासनिक स्वीकृति अनिवार्य है. विधायक श्री लारिया ने विशेष ध्यानाकर्षण कराया कि यदि यह बजट शीघ्र स्वीकृत नहीं होता है, तो 52 गांवों की 12,363 हेक्टेयर भूमि सिंचाई से वंचित रह जाएगी. उन्होंने मुख्यमंत्री से आगामी अधिकारी समिति की बैठक में इसे प्राथमिकता से मंजूरी देने का अनुरोध किया.

# धूम्रपान की कोई सुरक्षित सीमा नहीं : डॉ तल्हा

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मार्च. आईएमए सागर शाखा और स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान से सिविल अस्पताल, मकरोनिया में धूम्रपान निषेध दिवस पर शिविर का आयोजन हुआ.**

आईएमए सागर शाखा के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि कभी-कभार या थोड़ी मात्रा में धूम्रपान करना भी शरीर को अपेक्षा से कहीं अधिक गंभीर नुकसान पहुंचाता है. धूम्रपान की कोई भी सुरक्षित मात्रा या सीमा नहीं होती. उन्होंने कहा कि विभिन्न शोध स्पष्ट रूप से सिद्ध कर चुके हैं कि कम मात्रा में भी धूम्रपान से फेफड़े, मुंह, गले और मूत्राशय सहित कई प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है. साथ ही, कभी-कभार किया जाने वाला धूम्रपान व्यक्ति को निकोटीन की लत में फंसा सकता है, जो बाद में एक खतरनाक और नियमित आदत में बदल जाती है. उन्होंने प्रदेश में हुक्का बार चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध की बात दोहराई और कहा कि कई जगहों पर हुक्का बार कैफे या रेस्तरां की आड़ में अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं. तंबाकू या निकोटीन युक्त सभी फ्लेवर प्रतिबंधित हैं, लेकिन इनका उपयोग जारी है, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर रहा है.




डॉ. तल्हा साद ने कहा कि धूम्रपान छोड़ने के मात्र 14 दिनों के भीतर रक्त संचार और फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार शुरू हो जाता है तथा 6 महीने तक लगातार छोड़ने पर 90 प्रतिशत से अधिक सुधार देखा जा सकता है. इस शिविर में में डॉ सुनील जैन, डॉ राजकुमार खरे, डॉ विकास अन्य डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया.

# कॉलेज में मनाई गई जयंती



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 12 मार्च. नैक ए ग्रेड, ऑटोनॉमस संस्थान, भगवान आदिनाथ कॉलेज आफ एजुकेशन में भगवान आदिनाथ की जयंती मनाई गई .**

प्रबंधक प्रदीप कुमार जैन ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि भगवान आदिनाथ( ऋषभनाथ) का जन्म अयोध्या में चैत्र महीने के कृष्ण पक्ष के नौवे दिन यानी चैत्र कृष्ण नवमी को हुआ था.प्राचार्य डॉ सुनील जैन ने कहा कि जैन धर्म अहिंसा की राह पर चलने का आहवन करता है. डॉ. रोहित जैन ने बताया कि भगवान आदिनाथ जैन धर्म के पहले तीर्थंकर हैं. उन्होंने कहा कि जैन उसे कहा जाता है जिसने अपनी इंद्रियों पर काबू पा लिया हो ,इसलिए हर वह व्यक्ति जैन है जो संयमित अनुशासित आचरण करता है और अहिंसा का पालन करता है हिंदू मान्यता की और भागवत पुराण के अनुसार उन्हें भगवान विष्णु का एक अवतार ऋषभ अवतार माना गया है जो परम वीतरागी और अवधूत राजा थे . अमित जैन, डॉ. विनीत जैन, डॉ. प्रीति जैन आदि ने भी संबोधित किया.

# सफलता के लिए शॉर्ट कट नहीं होता : श्री चौकसे

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मार्च. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी: अवसर, चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर संचालित हो रही राष्ट्रीय कार्यशााला में कर्नाटक से विषय विशेषज्ञ के रूप में जुड़ते हुए आई.पी.एस. अधिकारी कुशल चौकसे ने कहा है कि सफलता के लिए कोई शॉर्ट कट नहीं होता. कठिन एवं सतत् परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है.**

उन्होन कहा है कि एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तकों का अध्ययन प्रतिदिन अखबार एवं न्यूज को सुनने की आदत होना प्रतियोगी परीक्षा की दृष्टि से आवश्यक है. सोशल मीडिया से दूरी एवं केरियर निर्माण में परिवार का सहयोग जरूरी है. अनुराग बृजपुरिया ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की संरचनाओं की जटिलता को समझना सफलता के लिए प्रभावी होता है. विषय विशेषज्ञ डॉ. निशा इन्द्र गुरू ने कहा कि प्रभावी अभिव्यक्ति के लिए भाषा का ज्ञान होना जरूरी है. इस अवसर प्रभारी अतिरिक्त संचालक एवं प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने छात्राओं को पाठ्यक्रम के आधार पर नोट्स बनाकर रिवीजन करते हुए तैयारी करने की सलाह दी. कार्यशाला समन्वयक डॉ. संजय खरे ने कहा कि ईमानदारी से किया गया परिश्रम कभी असफल नही होने देता.




# झांसीपुरा वासियों का हल्ला बोल

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 12 मार्च. जनपद के मोहल्ला झांसीपुरा के निवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और धर्म के नाम पर फैलाए जा रहे पाखंड के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.**

मोहल्लेवासियों ने कुछ लोगों पर कथित तौर पर गंभीर आरोप लगाए हैं. शिकायत के अनुसार, इन व्यक्तियों द्वारा नगर पालिका नजूल और अंबेडकर पार्क के नाम दर्ज सरकारी भूमि पर भगवान के नाम का सहारा लेकर अवैध कब्जा किया जा रहा है. आरोप है कि उक्त लोगों के परिजन अंबेडकर पार्क की जमीन पर फर्जी मंदिर बताकर कब्जा कर रहे हैं. वहां भोले-भाले लोगों को झाड़ फूंक और पूजा के नाम पर ठगा जा रहा है. पीड़ितों को इलाज की जरूरत होने के बावजूद उन्हें मेडिकल कॉलेज जाने से रोककर उनका शोषण किया जा रहा है, जिसे मंदिर बताया जा रहा है, वह असल में उनका निजी कुलदेवता है, वहां कोई सार्वजनिक हिंदू देवी-देवता का मंदिर नहीं है. इस मांग का समर्थन करते हुए मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें दीपक घावरी, धर्मेंद्र अहिरवार, मनोज शामिल हैं.

# मुनि संघ का नगर में प्रवेश, अगवानी हुई

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मार्च. आचार्य श्री विद्या- समय की दो धाराओं का मंगल मिलन कटरा पुलिस चौकी के सामने हुआ.**

मुनिश्री प्रबोध सागर महाराज, सागर नगर के गौरव द्वय मुनिश्री शैलसागर महाराज, मुनिश्री अचलसागर महाराज ससंघ का नेहानगर जैन मंदिर से सुबह विहार कर सिविल लाइन,बस स्टैंड, परकोटा तीनबत्ती होकर बाहुबली कॉलोनी पहुंचे. नमकमंडी कटरा में मुनि श्री महासागर महाराज ससंघ और आर्यिका संघ ने तीन परिक्रमा लगाकर अगवानी की. मुनि संघ के प्रवचन हुए मुकेश जैन ढाना ने बताया कि मुनिसंघ के सानिध्य में बाहुबली कॉलोनी में आदिनाथ जयंती का आयोजन हो हुआ. श्रीजी की विशाल शोभायात्रा बाहुबली कॉलोनी में निकली. श्रीजी की शोभायात्रा राधा टॉकीज, वर्णी कॉलोनी, कीर्ति स्तंभ, कटरा जैन मंदिर, विजय टॉकीज, माता मढिया होकर वापस पहुंचेगी जहां पर श्री जी का अभिषेक शांति धारा होगी और मुनि संघ के प्रवचन होंगे.




# कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2025-26/48 — :: सूचना ::— सागर दिनांक: 9/3/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/ दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2081/25-26 | अंबेडकर | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | नीलेश कुमार,नितिन पिता राजकुमार जैन | आशा पति कैलाश कुमार जैन |
| 2. | 2082/25-26 | बाघराज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | महेश पिता चैनसींग पटैल | वंदना पति गिरीश कुमार पारासर |
| 3. | 2083/25-26 | बाघराज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | मोह.हुसैन वल्द याकूब खान | कपिल कुमार पिता निर्मल कुमार सिंघई |
| 4. | 2084/25-26 | तिली | रजि.बैनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | रामदर्शन पिता स्व. भोजराज दुबे | कृष्णा पति स्व.रामदर्शन एवं दिलीप कुमार, संगीता, प्रभावती,ज्योति,विभा,नीता,सभी पुत्र/पुत्री स्व.रामदर्शन दुबे |
| 5. | 2085/25-26 | शिवाजी | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | रजनी पति सुनील कुमार एवं सत्री पिता सुनील कुमार जैन | सुजीत पिता शिवराज एवं सोम पिता सुजीत सिंह ठाकुर |
| 6. | 2086/25-26 | अंबेडकर | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | प्रारुप पिता विनय स्वरुप चौरसिया | आशीष कुमार पिता रामकृष्ण कठल |
| 7. | 2087/25-26 | बाघराज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | अमित कुमार पिता दिनेश कुमार चौबे | काजली पति गौरव जैन |
| 8. | 2088/25-26 | अंबेडकर | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | अंजनी मोहन पिता कृष्ण मुरारी नायक | आशुतोष कुमार पिता रामकृष्ण कठल |
| 9. | 2089/25-26 | अंबेडकर | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | महेश पिता हरिराम चौरसिया | हरगोविंद, अर्जुन एवं दिनेश पिता बिहारीलाल अहिरवार |
| 10. | 2090/25-26 | मोतीनगर | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | फर्म-रिखबदास राजेंद्र कुमार द्वारा-राजेंद्र कुमार पिता स्व. रिखबदास मुनोत, मधु पति राजेंद्र कुमार, अंकित पिता विजय, चंद्रकला पति स्व. सुरेंद्र | रानी पति संजय गुप्ता |

कृते आयुक्त
नगर पालिक निगम सागर